तापमान
अधिकतम 21.8 डिग्री
न्यूनतम 5.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 25 दिसंबर 2025

14 मुलाना में 40 एकड़ में बनी अवैध कालोनी पर चला पंजा



14 साहिबजादों व माता गुजरी जी की स्मृति में लंगर सेवा



## खबर संक्षेप

### अटल जयंती पर सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**अम्बाला।** पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने बताया कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को पुलिस लाइन ऑडिटोरियम, अम्बाला में दोपहर 4 बजे विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास मुख्य वक्ता होंगे।

### श्री फतेहगढ़ साहिब के लिए स्पेशल ट्रेनें

**अंबाला।** शहीदी जोड़ मेला 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे ने अंबाला कैंट–नंगल डैम–अंबाला कैंट के बीच विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाने की घोषणा की है। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 04501/04502 का संचालन 24 से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। इससे गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब दर्शन के लिए जाने वाली संगत को काफी सुविधा मिलेगी।

### लाखों के कपड़े चोरी कर ले गया सेल्समैन

**पानीपत।** पानीपत के गोहाना मोड़ पर स्थित ऑक्टेव पूमा शोरूम के मैनेजर पवन कुमार निवासी गांव खनौदा जिला कैथल की शिकायत पर शोरूम के सेल्समैन अर्णव सचदेवा निवासी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश पर चोरी के आरोप में केस दर्ज करवाया है। अर्णव पर आरोप है कि वह शोरूम से धीरे-धीरे कपड़े व अन्य सामान चुरा ले गया। कंपनी ने ऑडिट कराया तो इस चोरी का खुलासा हुआ। चोरी करने के बाद सबूत मिटाने के लिए सेल्समैन सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गया। इधर, कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने अर्णव सचदेवा के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पिता ने 10 वर्षीय बेटी के साथ की अश्लील हरकतें

**यमुनानगर।** जिले के व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पिता ने अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकतें की। लड़की की मां के विरोध करने पर आरोपी घर से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 22 दिसंबर को रात नौ बजे उसका पति निर्मल सिंह घर पर शराब पीकर आया। इस दौरान आरोपी ने उसकी 10 वर्षीय बेटी को आवाज लगाई। जब उसकी बेटी कमरे में गई तो आरोपी ने अंदर से कैमरा बंद कर लिया और उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसकी लड़की के शोर मचाने पर उसने दरवाजा खुलवाया। उसकी बेटी ने अश्लील हरकतों की बात बताई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

## पानीपत में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया आरओबी का भूमि पूजन

# 52 करोड़ की लागत से सिंगल पिलर पर दो साल में बनेगा रेलवे ओवरब्रिज

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर होगा आरओबी, उनकी प्रतिमा भी लगाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व अन्य भाजपा नेता।

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले के मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के भूमि पूजन कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज पानीपत शहर की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है।

इस पुल के निर्माण के बाद यातायात का दबाव काफी हद तक कम होगा और शहर को ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, मंत्री ने कहा कि लगभग 52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह रेलवे ओवरब्रिज दो वर्षों में पूर्ण होने की उम्मीद है। यह पुल आधुनिक तकनीक पर आधारित होगा और सिंगल पिलर पर खड़ा किया जाएगा, जिससे यह न केवल मजबूत बल्कि यातायात के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

उन्होंने घोषणा की कि इस रेलवे ओवरब्रिज का नाम भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही पुल परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान से प्रेरणा ले सकें।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा,पिछले दस वर्षों में प्रदेश में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। यह रेलवे ओवरब्रिज केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि पानीपत के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। इसके बनने से अंबाला और जींद लाइन की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और लोग महज तीन मिनट में जीटी रोड तक पहुंच सकेंगे। वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई गति पकड़ रहा है और यह प्रोजेक्ट उसी सोच का परिणाम है।

कार्यक्रम में मेयर कोमल सैनी, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज , एसडीएम मनदीप, डीएसपी सतीश, राजबीर, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, राहुल विज, चांद भाटिया, अवनीत कौर, रंजीता कौशिक, संदीप जिंदल, पार्षद नेहा शर्मा, लोकेंद्र नांगरू अनिल मदान, नवल जिंदल, रॉकी गहलोत आदि उपस्थित रहे।

### आधुनिक नगर बन रहा पानीपत : विज

शहरी विधायक प्रमोद विज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शहर में पिछले पांच वर्षों में विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति दी गई है और केंद्रीय मंत्री के मार्गदर्शन में लगातार नई परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पानीपत शहर को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र में सभागार, फायर स्टेशन, इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है और आधुनिक स्कूलों का निर्माण भी हमारी प्राथमिकता में शामिल है। इसके अलावा महिला कॉलेज, वूमेन हॉस्टल और वृद्ध आश्रम का निर्माण भी प्रस्तावित है। मेरा पूरा ध्यान शहर के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है।

# बीयर पीने के दौरान भाजपा नेता के बेटे को मारे चाकू

- 15 हजार रुपये न देने पर युवकों ने सिर पर 3–4 वार किए, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले में मंगलवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां बीयर पीने के दौरान हुए विवाद में कुछ युवकों ने भाजपा नेता के बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर पर तीन से चार बार चाकू से वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गोगसल्ला रोड निवासी अनमोल (21) के रूप में हुई है।

अनमोल के पिता राजू ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे और बेटे को पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में भी स्थिति नाजुक होने पर डॉक्टरों ने अनमोल को आगे उपचार के लिए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल अनमोल ने बताया कि मंगलवार को उसके पास पड़ोसी मोडू का फोन आया था, जिसने एक गाड़ी में सामान लोड करवाने की बात कही। सामान लोड कराने के बाद दोनों लौट रहे थे। रास्ते में पुरानी सब्जी मंडी के पास शराब ठेके से बीयर लेकर पी। इसी दौरान उनके साथ सौरभ नाम का युवक और उसके कुछ दोस्त भी मौजूद थे।

अनमोल के अनुसार कुछ देर बाद मोडू और सौरभ ने उससे 10 से 15 हजार रुपये मांगे। उसने पैसे देने से मना कर दिया और कहा कि उसके पास इतने रुपये नहीं हैं। इसी बात पर दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और उसके सिर पर कई वार किए। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### आरोप- पार्टी नेताओं ने नहीं उठाया फोन

राजू ने बताया कि वह करीब 30 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ कार्यकर्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटे पर हमले के बाद मदद के लिए उन्होंने पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों को फोन किए, लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि जब एक पुराने कार्यकर्ता की यह स्थिति है, तो आम जनता की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# सड़क हादसों में आंगनबाड़ी वर्कर समेत तीन की मौत

- पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों पर किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में आंगनबाड़ी वर्कर महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सुग निवासी छीमा देवी (48) आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत थी। जैसे ही छीमा देवी आंगनबाड़ी से छुट्टी कर घर लौट रही थी तो तभी तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला सड़क पर दूर जा गिरी। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। परिवार के सदस्यों ने हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायल छीमा देवी को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

उधर, जगाधरी वर्कशॉप रामनगर निवासी विशाल कुमार ने बताया कि उसके पिता 53 वर्षीय किशोर कुमार चंद्रपुर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड जोड़ियों में वेल्डर का काम करते थे। शाम को वह कंपनी से छुट्टी कर स्कूटी पर घर आ रहे थे। जब वह मंडेबर फरकपुर रोड पर पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उसके पिता की स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल में पिता की मौत हो गई। वही, गांव भमनोली निवासी संजीव कुमार मंगलवार शाम अपने चाचा राजकुमार के साथ पॉपुलर की लकड़ी लदी ट्राली लेकर यमुनानगर जा रहे थे। रास्ते में लघुशंका के लिए संजीव कुमार ने ट्रैक्टर रुकवाया। इस दौरान चालक द्वारा गलती से ट्रैक्टर आगे चल गया। जिससे संजीव को जोरदार टक्कर लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### संदिग्ध हालात में सड़क पर युवक का शव मिला



**तरावड़ी।** दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर तरावड़ी के पास सर्विस लेन के किनारे एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान संधीर निवासी गुरमीत के रूप में हुई है। सुबह करीब 10:30 बजे राहगीरों ने जीटी रोड की सर्विस लेन के किनारे एक युवक को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा। पास ही उसकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में सड़क के किनारे पड़ी मिली। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक गुरमीत दवा लेने के लिए करनाल की ओर जा रहा था, लेकिन रास्ते में यह हादसा कैसे हुआ, यह जांच का विषय बना हुआ है।

### मंदिर के दीये से घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**कुरुक्षेत्र।** दीदार नगर गली नंबर 5 में एक घर में आग लग गई। बताया जा रहा है कि घर के मंदिर में रखे दीये से घर में आग लगी है। आग लगने से घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि घर में कोई भी व्यक्ति नहीं था। मंगलवार देर शाम को घर के सदस्य घर में पूजा पाठ करके बाहर चले गए। पीछे से घर में आग लग गई। घर के बाहर हाथ सेक रहे पड़ोसियों ने जब घर से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने मकान मालिक रामचंद्र और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर फायर बिग्रेड को सूचित किया। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

# अंगीठी बनी काल : एक परिवार ने खोए दो बेटे तो दूसरे ने जीजा-साला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



पोस्टमार्टम हाउस पर जुटे परिजन।

पिपली रोड स्थित एक होटल के कमरे में अंगीठी जलाकर सोए सहारनपुर निवासी पांचों मजदूरों के शवों का बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पर पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने सभी के शवों को परिजनो को सौंप दिया। पांचों के शवों को उनके गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई। उत्तर प्रदेश स्थित सहारनपुर के गांव शेखपुरा कदीम निवासी ठेकेदार 32 वर्षीय नूर अपने छोटे भाई 30 वर्षीय सोनू, शेखपुरा कदीम निवासी 40 वर्षीय मदनलाल, शेखपुरा कदीम निवासी 40 वर्षीय रोशन अपने जीजा सहारनपुर के नवेदा रोड स्थित अभिषेक कालोनी निवासी 45 वर्षीय रामकुमार को पेंट का काम करने के लिए सोमवार को कुरुक्षेत्र लाया था। सोमवार सायं ठंड अधिक होने के कारण पांचों एक कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे। दम घुटने से पांचों की मौत हो गई।

इनमें एक परिवार ने दो बेटों को खो दिया, वहीं जीजा-साला भी मौत की नींद सो गए। तीन परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पांचों पिछले कई साल से इकट्ठा बिल्डिंगों में पेंट का काम करते थे। पेंट के ठेकेदार नूर की छह माह पहले शादी हुई थी। शादी के बाद से परिवार में खुशियों का माहौल था। उसके भाई सोनू की करीब दो साल पहले शादी हुई थी। हालांकि अभी तक उसके पास कोई बच्चा नहीं था।

**जीजा-साला की मौत से उजड़ गए दो परिवार :** उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव शेखपुरा कदीम निवासी 40 वर्षीय रोशन अपने जीजा सहारनपुर के नवेदा रोड स्थित अभिषेक कालोनी निवासी 45 वर्षीय रामकुमार को पेंट का काम करने के लिए साथ लगाया था।

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुलाना।** मुलाना पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर की गई धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ सुखा, निवासी करनाल कॉलोनी बराड़ा, जिला अम्बाला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है। शिकायतकर्ता पवन कुमार, निवासी गांव टगैल, जिला अम्बाला ने 11 अक्टूबर 2025 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ सुखा व उसके साथियों ने 15 दिसंबर 2023 से 9 जून 2024 के दौरान विदेश भेजने का झांसा देकर उससे बड़ी राशि हड़प ली।

# गोल्ड लोन ट्रांसफर कराने के नाम पर कंपनी से हड़पे 13 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में गोल्ड लोन टेकओवर के नाम पर कंपनी के साथ 13 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड की जगाधरी ब्रांच के सहायक शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने मांगा वालिया नामक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

आरोप है कि मांगा वालिया ने अन्य गोल्ड लोन कंपनियों से लोन बंद करवाकर पूनावाला में ट्रांसफर करने के बहाने कंपनी से करीब 13 लाख रुपये हड़प लिए, लेकिन पूरा सोना गिरवी नहीं रखा और बाद में स्टाफ को धमकियां भी दीं।

जानकारी के अनुसार थाना जगाधरी सिटी में दी शिकायत में पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड की जगाधरी ब्रांच में सहायक शाखा प्रबंधक अमन ने बताया कि मांगा वालिया ने ब्रांच में फोन पर संपर्क करके बताया कि उसका गोल्ड लोन पहले मन्नापुरम फाइनेंस लिमिटेड और कैपरी गोल्ड लोन में चल रहा है। वह इन सभी लोन को बंद कराकर पूनावाला फिनकॉर्प में ट्रांसफर करवाना चाहता है ताकि उसका सारा सोना एक ही जगह गिरवी रहे।

### 74.2 ग्राम सोना ही जमा करवाया

आरोपी के खाते में लगभग 13 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। इसके बाद मांगा वालिया ने इस राशि में से पांच लाख 67 हजार रुपये मन्नापुरम गोल्ड लोन कंपनी में जमा करके अपना 74.2 ग्राम वजन का सोना छुड़वाया और उसे पूनावाला की जगाधरी ब्रांच में सौंप दिया। आरोपी ने दूसरे संस्थान से बाकी का सोना छुड़वाकर उनके पास जाम नहीं करवाया और न ही लोन वापस किया।

# 46 मामलों में वांछित तीन शातिर अपराधी पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला पुलिस ने चोरी व डकैती की वारदातों में शामिल तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों पर कुल 46 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया है। सदर थाना प्रभारी एसएचओ सुरिंदर संधू ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मानव (23 मामले), अकबर उर्फ अन्ना (11 मामले) और पवन कुमार (12 मामले) शामिल हैं। तीनों आरोपी अंबाला छावनी क्षेत्र के रहने वाले हैं और लंबे समय से अंबाला व आसपास के इलाकों में चोरी, डकैती व अन्य आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि हाल ही में आरोपियों ने अंबाला छावनी स्थित एक साइंस फैक्ट्री में डकैती के इरादे से प्रवेश किया, जहां जाग रहे गार्ड पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर एक करियाना दुकान से चोरी किया गया घी भी बरामद किया गया है। चार वर्षों में की गई अन्य चोरियों के बारे में भी पूछताछ की जाएगी।

**सफलता** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड, पूरी दुनिया में गूंजा नाम

# हर्षित ने दुनिया के सभी देशों के नाम सबसे तेज बोलकर बनाया इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



- 1 मिनट, 22 सेकंड और 91 सेंटीसेकंड के न्यूनतम समय में यूएन में शामिल सभी 193 देशों के नाम सफलतापूर्वक सुनाए

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के होनहार छात्र हर्षित आर्यन ने एक नया इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर अपने संस्थान और देश का नाम रोशन किया है। 14 साल, 11 महीने और 30 दिन की उम्र में, हर्षित ने दुनिया के सभी देशों के नाम सबसे तेजी से बोलकर यह असाधारण उपलब्धि हासिल की है।

इस शानदार कामयाबी पर गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात व महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी हर्षित सहित समस्त गुरुकुल परिवार को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप ने हर्षित आर्यन को मेडल और सर्टिफिकेट देकर बधाई दी। इस रिकॉर्ड को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के फाउंडर एवं सीईओ पंकज विग ने आधिकारिक तौर पर मान्यता दी है। हर्षित ने 31 अक्टूबर 2025 को 1 मिनट, 22 सेकंड और 91 सेंटीसेकंड के न्यूनतम समय में यू.एन. में शामिल सभी देशों के नाम सफलतापूर्वक सुनाए। विदित हो कि यू.एन. अर्थात संयुक्त राष्ट्र में वर्तमान में 193 देश शामिल हैं जो वैश्विक सहयोग और शान्ति के लिए कार्य करते हैं। यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले हर्षित को बधाई देते हुए निदेशक, ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने उसकी असाधारण याददाश्त, अनुशासन और समर्पण की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां गुरुकुल कुरुक्षेत्र के मजबूत शैक्षणिक और मूल्य-आधारित माहौल को दशार्ती हैं और अन्य छात्रों के लिए ऊंचा लक्ष्य रखने और कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा का स्त्रोत हैं। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के शिक्षकों और छात्रों ने भी हर्षित की सफलता पर बहुत खुशी जाहिर की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हर्षित की उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। हर्षित आर्यन की यह उल्लेखनीय उपलब्धि इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि कैसे दृढ़ संकल्प, ध्यान और मार्गदर्शन कम उम्र में ही अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला सकते हैं।

# करनाल में सीजेएम ने नारी निकेतन और बाल भवन का किया निरीक्षण

- महिलाओं और बच्चों से संवाद कर सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** नशे के खिलाफ शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने नारी निकेतन श्रद्धानंद बाल आश्रम एवं एमडीडी बाल भवन का निरीक्षण किया। डॉ. इरम हसन ने महिलाओं व बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने, अपने आसपास साफ-सफाई रखने, पौधरोपण करने और प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार जिले में नशा मुक्त हरियाणा मिशन, बाल विवाह मुक्त भारत तथा प्रोटेक्ट टुडे–सिक्योर टुमॉरो अभियान के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पैरा लीगल वालंटियर डॉ. नीना द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए जागरुकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नशा न करने और बाल विवाह न करवाने की शपथ दिलाई गई। इंस्पेक्टर राजेश लता ने एमएस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटेल तथा राजकीय उच्च विद्यालय कम्बोपुरा में विद्यार्थियों और स्टाफ को नशा, प्लास्टिक उपयोग के दुष्प्रभाव और पर्यावरण संरक्षण के विषय में जागरूक किया।

**खबर संक्षेप**

## कल उधम सिंह जयंती समारोह का आयोजन

इंद्री। शहीद उधम सिंह समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी 26 दिसंबर को शहीद उधम सिंह जयंती समारोह का आयोजन नगर पालिका परिसर इंद्री मे किया जाएगा । इस मौके पर निफा के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा । इस बारे में जानकारी देते हुए समिति प्रधान मेहर सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर को इंद्री नगर पालिका परिसर स्थित शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर सुबह 9 बजे शहीद उधम सिंह जयंती समारोह का शुभारम्भ हवन-यज्ञ के साथ होगा। शहीद को श्रद्धांजलि देकर प्रसाद वितरण कर समारोह का समापन होगा।

## आधार निशुल्क अपडेट कराने की तारीख बढ़ी

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट कराने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाकर अब 14 जून 2026 कर दिया गया है। यह सुविधा केवल माय आधार पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि नागरिक अपने आधार कार्ड में नाम, जन्म तिथि, पता सहित अन्य आवश्यक विवरणों को ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें निर्धारित पहचान एवं निवास संबंधी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। यह ऑनलाइन सुविधा केवल उन्हीं नागरिकों के लिए उपलब्ध है, जिनका मोबाइल नंबर पहले से आधार से लिंक है। सरकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा लाभ, बैंकिंग सेवाओं और विभिन्न सरकारी कार्यों में आधार कार्ड एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

## किराया डिफॉल्टर दुकानदारों पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई

# 3 दुकानें सील, 15 दुकानदारों को अंतिम नोटिस, 105 पर शिकंजा



**सीलिंग की कार्रवाई शुरू होने से पहले 5 किराएदारों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर 7 लाख 45 हजार 696 की राशि जमा करवाई**




करनाल। बकाया किराया न चुकाने पर दुकानों को सील करती नगर निगम की टीम और अवैध विज्ञापन बोर्डों को उतारता निगम कर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा किराया न चुकाने वाले डिफॉल्टर दुकानदारों के खिलाफ बुधवार को सख्त कार्रवाई की गई।

इस दौरान गांव कम्बोपुरा, नावल्टी रोड और कर्णताल मार्केट स्थित नगर निगम की 3 दुकानों को सील कर निगम के कब्जे में ले लिया गया। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि कार्रवाई से पहले कुल 8 दुकानों की सूची तैयार की गई थी। इनमें से 3 दुकानों को सील किया गया, जिन पर कुल 9 लाख 2 हजार 853 रुपये का किराया बकाया था। सीलिंग की कार्रवाई शुरू होने से पहले 5 किराएदारों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर 7 लाख 45 हजार 696 रुपये की राशि जमा करवाई, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली। उन्होंने बताया कि इन दुकानदारों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन बार-बार चेतावनी के बावजूद किराया जमा नहीं कराया गया। हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 408-ए (1) के तहत दुकानों को सील करने व निगम के कब्जे में लेने की कार्रवाई की गई। सीलिंग की कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। एन्फोर्समेंट टीम में सचिव राम करण भारद्वाज, रेंट सहायक राम सिंह, सहायक मनोज मान, एक्सपर्ट करण शर्मा, सुनील राणा सहित नगर निगम का स्टाफ व पुलिस बल मौजूद रहा। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि 50 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले 15 दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी किए जा चुके हैं। यदि शीघ्र किराया जमा नहीं कराया तो उनकी दुकानों को भी निगम अपने कब्जे में ले लेगा। इसके अलावा 10 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले 105 किराएदारों को नोटिस जारी किए हैं। निगम ने आंशिक भुगतान करने वाले किराएदारों से शेष राशि शीघ्र जमा कराने की अपील की है।

### 420 नोटिस, 42 लाख का जुर्माना

करनाल। सार्वजनिक संपत्ति को कुरूप करने वाले अवैध विज्ञापन बोर्डों के खिलाफ नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि मई माह से अब तक नगर निगम की टीम द्वारा 420 नोटिस जारी कर करीब 42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि निजी एवं सरकारी संपत्तियों जैसे फ्लाईओवर, दीवारों, बिजली व स्ट्रीट लाइट के खंभों और सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति लगाए गए फ्लैक्स, पोस्टर, स्टिकर और होर्डिंग्स को हटाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि हरियाणा नगर पालिका विज्ञापन उप-नियम 2022 के तहत किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रदर्शित करने से पूर्व नगर निगम की अधिकृत वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना पर जुर्माने के साथ एफआईआर तक की कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक ने 51 लाख से बनी 4 ई लाइब्रेरी का किया उद्घाटन




इंद्री। गांव गुमटो मे अटल पुस्तकालय का उद्घाटन करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

इंद्री। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने गांव गांधी नगर, गुमटो, जनेसरो और उमरपुर में 51.03 लाख रुपये की लागत से स्थापित की गई ई-लाइब्रेरी (अटल पुस्तकालय) का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने गांव गुमटों में आयोजित कार्यक्रम में 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से गुमटो से सिकरी गांव तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगभग 30 योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं जिनमें मुख्य रूप से नई शिक्षा नीति, छात्रवृत्ति योजनाएं, चिराग योजना, सक्षम योजना, लड़कियों को उच्च शिक्षा के ऋण उपलब्ध करवाना, मुफ्त साइकिल योजना, जेईई-नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सुपर-100 जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गांवों में ई-लाइब्रेरी की सुविधा शुरू की जा रही है। इन आधुनिक लाइब्रेरी के खुलने से अब विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए शहर स्थित लाइब्रेरी का रुख नहीं करना पड़ेगा बल्कि वे अपने ही गांव में बैठकर अपनी पढ़ाई व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

### पुस्तकों की व्यवस्था भी रहेगी

गांवों में ई-लाइब्रेरी की सुविधा मिलने से युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन ई-लाइब्रेरी में बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियां और अध्ययन के लिए टेबल लगाई गई हैं। यहां पर कंप्यूटर की सुविधा उपलब्ध रहेगी जिससे विद्यार्थी ऑनलाइन स्टडी मटेरियल और डिजिटल संसाधनों का लाभ उठा सकें। लाइब्रेरी में सामान्य ज्ञान, गणित, तर्कशक्ति, करंट अफेयर्स, सिविल सेवा, बैंकिंग, एसएससी, पुलिस, सेना और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी पुस्तकों की व्यवस्था रहेगी। मौके पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रोहताश, सुभाष खेड़ा, सुमित सैनी, प्रदीप, जसबीर कौर, हरप्रीत कौर, राहुल, बलविन्द्र सिंह, जगदीप व कदम सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।

**एक ही ब्रांड के तहत पांच स्पिरिट कैटेगरी पेश करने वाला भारत का पहला मल्टी–कैटेगरी ब्रांडेड हाउस**

# पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने किया सीग्राम्स एक्सक्लेमेशन लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने हरियाणा में अपने नए और महत्वाकांक्षी ब्रांड सीग्राम्स एक्सक्लेमेशन! के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार यह पहल पिछले तीन दशकों में उसकी सबसे बड़ी इनोवेशन रणनीतियों में से एक है।

सीग्राम्स एक्सक्लेमेशन! को भारत के पहले ऐसे मल्टी-कैटेगरी ब्रांडेड हाउस के रूप में पेश किया गया है, जिसमें एक ही ब्रांड नाम के तहत व्हिस्की, वोडका, जिन, रम और ब्रांडी को प्रीमियम एडमिक्स सेगमेंट में समान कीमत पर उपलब्ध कराया गया है। कंपनी का कहना है कि यह ब्रांड खासतौर पर 26 से 30 वर्ष आयु वर्ग के तेजी से बढ़ते युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर लॉन्च किया गया है। यह वर्ग ऐसे सामाजिक अवसरों में शामिल होता है, जहां मिक्स्ड-जेंडर समूहों में अलग-अलग स्पिरिट्स की मांग होती है। इसी बदलते उपभोक्ता व्यवहार को देखते हुए, व्हिस्की के साथ-साथ जिन, वोडका, रम और ब्रांडी जैसी कैटेगरी की मांग लगातार बढ़ रही है। सीग्राम्स एक्सक्लेमेशन! को एंट्री-लेवल प्रीमियम प्राइस सेगमेंट के उस स्पेस में उतारा गया है, जो अब तक काफी हद तक खाली था। हर साल बड़ी संख्या में नए उपभोक्ता कानूनी रूप से शराब पीने की उम्र में प्रवेश कर रहे हैं और यह ब्रांड उनकी किफायती प्रीमियम स्पिरिट्स की जरूरत को पूरा करने का दावा करता है। ब्रांड का संदेश "इट्स टाइम फॉर एक्सक्लेमेशन!" साधारण पलों को खास अनुभवों में बदलने की सोच को दर्शाता है।

### प्रताप पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाया प्रेम और सेवा से भरा क्रिसमस उत्सव



तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में क्रिसमस का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को सुंदर सजावट, क्रिसमस ट्री और रंगीन लाइटों से सजाया गया, जिससे वातावरण आनंदमय बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना के साथ हुई। इसके पश्चात कक्षा पहली के नन्हे विद्यार्थियों ने मधुर क्रिसमस कैरोल प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संदेशात्मक स्किट रही। इस स्किट में प्रभु यीशु मसीह द्वारा दिया गया यह सुंदर संदेश प्रस्तुत किया गया कि ईश्वर हमें किसी भी रूप में मिल सकते हैं और हमें हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करनी चाहिए। बच्चों ने उत्साहपूर्ण क्रिसमस डांस प्रस्तुत किया। विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने कहा कि प्रभु का संदेश प्रेम, करुणा और सेवा पर आधारित है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं और उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील बनाते हैं।

### मनोहर मुनि जैन स्कूल में संस्कार, संस्कृति और सामाजिक संदेशों से सजी प्रस्तुतियां



करनाल। फूसगढ़ रोड स्थित वरिष्ठ उपाध्याय मनोहर मुनि जैन पब्लिक स्कूल में अभिभावक दिवस का आयोजन भव्य और भावनात्मक वातावरण में किया गया। सुसज्जित पंडाल में प्री-नर्सरी से चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. एसके मल्होत्रा तथा विशिष्ट अतिथि जिला न्यायवादी डॉ. पंकज सैनी रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय निर्देशिका वीणा गर्ग, प्रबंधिका शीतल जैन, प्रधानाचार्य तनुजा सचदेवा, उपप्रधानाचार्य सागर रत्न, कोषाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल, रतन लाल जैन, सुशील जैन, अशोक जैन, नवीन जैन, रमण जैन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अभिभावकों ने भी विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## जिलेभर में जगदगुरू ब्रह्मानंद जयंती पर श्रद्धा कार्यक्रम, लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया**

# महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज का उत्थान संभव : हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

जिले में जगदगुरू ब्रह्मानंद की जयंती पारंपरिक श्रद्धा, हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कुटेल गांव, कुटेल–ऊंचा समाना रोड, बसताड़ा तथा करनाल की रामदेव कॉलोनी में आयोजित जयंती समारोहों में शिरकत की।

विधानसभा अध्यक्ष ने चारों स्थानों पर जगदगुरू ब्रह्मानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह वे अपने पैतृक गांव कुटेल स्थित जगदगुरू ब्रह्मानंद आश्रम पहुंचे, जहां हवन-यज्ञ में भाग लिया और गुरुजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने आश्रम की महिलाओं और ग्रामीणों से विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि आश्रम के विकास के लिए जो भी कार्य आवश्यक होंगे, उन्हें पूरा कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इसके बाद वे कुटेल–ऊंचा समाना रोड स्थित आश्रम, बसताड़ा और रामदेव कॉलोनी पहुंचे, जहां लोगों ने उनका स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि गुरुजी की जयंती के कार्यक्रम कई दिनों से चल रहे हैं। कल चुहड़ माजरा स्थित गुरुजी की जन्मस्थली पर राजकीय स्तर का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। आज समाज को जरूरत है कि वह महापुरुषों के विचारों से जुड़े और युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।



करनाल। जयंती समारोह में जगदगुरू ब्रह्मानंद का आशीर्वाद लेते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

### स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती का जीवन मानवता को समर्पित रहा : डॉ. बलराम

करनाल। जगत गुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर फतेहपुर-पुंडरी स्थित मोक्षधाम आश्रम में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. बलराम शर्मा ने गुरुजी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती का जीवन केवल व्यक्तिगत साधना या तपस्या तक सीमित नहीं था, बल्कि वह संपूर्ण समाज और मानवता के उत्थान को समर्पित रहा। उन्होंने बताया कि स्वामी ब्रह्मानंद कार्यक्रम के अंत में आश्रम की मुख्य संत माता सुशील देवी ने मुख्य अतिथि डॉ. बलराम शर्मा को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जींद विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### स्वामी ब्रह्मानंद नाम नहीं, बल्कि चेतना करुणा और मानवता के महान प्रतीक

■ नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया

तरावड़ी। स्वामी ब्रह्मानंद केवल एक नाम नहीं, बल्कि चेतना, करुणा और मानवता के महान प्रतीक हैं। उनके विचार आज किसी एक प्रदेश या देश तक सीमित नहीं रहे। वे सीमाओं को लांघते हुए विदेशी धरती तक फैल चुके हैं और लाखों लोगों के जीवन को दिशा और प्रकाश दे रहे हैं। उनका संदेश प्रेम, सेवा और आत्मिक जागरण का संदेश है जो हर भाषा, हर संस्कृति और हर समाज को जोड़ने की शक्ति रखता है। आज विश्व के विभिन्न कोनों में लोग उनके विचारों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बना रहे हैं। यह विचार नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने जगत गुरु स्वामी ब्रह्मानंद जयंती के अवसर पर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में हिस्सा लेने के बाद शामगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है कि हमारे बीच जन्मे ऐसे महान संत के विचार आज संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में संतों के विचार ही समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। यदि युवाओं को संस्कारवान, राष्ट्रभक्त और कर्तव्यनिष्ठ बनाना है तो स्वामी ब्रह्मानंद जैसे महापुरुषों के आदर्शों को शिक्षा, परिवार और सामाजिक जीवन से जोड़ना होगा।

**खबर संक्षेप**



रेडक्रॉस भवन में युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाते पदाधिकारी।

### रेडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति पर जागरूकता सेमिनार

करनाल। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में फर्स्ट एड का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को विशेष रूप से नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और आर्थिक स्थिति को भी कमजोर करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी रुचि और ऊर्जा को खेल, शिक्षा, सेवा और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं। साथ ही नशा बेचने वालों के खिलाफ एनसीबी के टोल फ्री नंबर 1933 या मानस पोर्टल पर सूचना देने की अपील की। युवाओं ने स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करने की सामूहिक शपथ ली।

### एसएमएस में तुलसी पूजन व क्रिसमस मनाया



तरावड़ी। एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल, तरावड़ी द्वारा विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक जागरूकता के विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण ग्रेवाल और प्राचार्या डॉ विभा कौशिक द्वारा तुलसी माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भजन, गीत कविताएँ आदि की प्रस्तुति द्वारा वातावरण को भक्तिमय बना दिया । विद्यार्थियों को तुलसी पूजन के माध्यम से संस्कारों के विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने खाटू श्याम मंदिर का दौरा किया, जहां उन्होंने श्याम बाबा के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। विद्यालय द्वारा मंदिर परिसर में तुलसी का पौधा लगाया गया। छात्र छात्राओं ने मंदिर में भजन गायन की सुंदर प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्या डॉ विभा कौशिक ने कहा कि तुलसी दिवस हमें भारतीय संस्कृति और प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं ने क्रिसमस पार्टी का ख़ूब आनंद लिया । विद्यालय प्रबंधक सरदार गुरशरण ग्रेवाल ने सभी विद्यार्थियों को आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का गरिमामय एवं सफल समापन हुआ।



### पीएम श्री विद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

करनाल। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में जेबीटी अध्यापकों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से आयोजित मास्टर ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी धर्मपाल चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।नोडल अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए एबीआरसी एवं बीआरपी स्तर के कुल 158 मास्टर ट्रेनरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण एलएलएफ और संपर्क, शिक्षा विभाग हरियाणा के सहयोग से संचालित किया गया, जिसमें भाषा एवं गणना की बुनियादी समझ को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर डीईईओ ज्योत्सना मिश्रा, नोडल अधिकारी धर्मपाल चौधरी, अंशुल, संपर्क कोऑर्डिनेटर पूजा, धर्मेंद्र बीआरपी, विद्यालय प्राचार्य रामकुमार मेहला, निदेशालय से मोक्षित जैन, ईशा चौधरी, मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार, रणदीप सिंह, बलराज, सुमनलता, किरण, विजय रानी, महावीर सहित अन्य शिक्षक व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।




### 22 माह से सेवाएं देने के बावजूद मांगें लंबित

करनाल। हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ (सीपीएलओ) ने बुधवार को जिला सचिवालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन में जिले भर से बड़ी संख्या में सीपीएलओ शामिल हुए। संघ नेताओं ने कहा कि सीपीएलओ पिछले 22 माह से अधिक समय से पंचायत एवं शहरी निकायों में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने याद दिलाया कि तीन जनवरी 2025 को बहादुरगढ़ में सरकार द्वारा किए गए वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। संघ के कोषाध्यक्ष देवी दयाल चौहान और करनाल जिला प्रधान गुरपाल सिंह सैनी ने स्पष्ट मांग रखी कि ग्रामीण सीपीएलओ का प्रशासनिक नियंत्रण पंचायत विभाग तथा शहरी सीपीएलओ का नियंत्रण शहरी स्थानीय निकाय विभाग को सौंपा जाए, ताकि कार्य प्रणाली में स्पष्टता आए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र मांगों पर निर्णय नहीं लिया तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में जिला सचिव मनप्रीत, जिला सह संगठन मंत्री दलेर सिंह, भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रधान पवन कुमार जोगी, नवीन नीलोखेड़ी, बलराम, साहिल, रोहित, संकीर्त, संजीव सावंत, शुभम, गुरमीत, विकाश, विजय, राकेश, जसपाल, रेशमा, भावना सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### ब्रह्मानंद आश्रम राहड़ा में यज्ञ व भंडारा

करनाल। स्वामी ब्रह्मानंद जयंती के अवसर पर ब्रह्मानंद आश्रम राहड़ा में आयोजित यज्ञ एवं भंडारा कार्यक्रम में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि गुरु का नाम लेने मात्र से कर्तव्य पूरा नहीं होता, बल्कि उनके विचारों को नई पीढ़ी के जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ. चौहान ने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद का संपूर्ण जीवन वैदिक संस्कारों, यज्ञ परंपरा, सामाजिक चेतना और नारी उत्थान को समर्पित रहा। उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि आश्रम में नियमित रूप से साप्ताहिक यज्ञ आयोजित करने का संकल्प लिया जाए, ताकि सनातन संस्कृति की यह पावन परंपरा निरंतर आगे बढ़ती रहे।
डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने स्वामी ब्रह्मानंद के पैतृक गांव का नाम "ब्रह्मानंद माजरा" रखे जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। जिला परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने आश्रम में रसोई निर्माण के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राजेंद्र राणा, पंच रिंकल राणा, वीरेंद्र रोजड़ा, महेंद्र रोजड़ा, भूपेंद्र रोजड़ा, करण सिंह, प्रीतम रोजड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### क्रिसमस पर्व मनाया

**पानीपत।** पानीपत के तहसील टाउन स्थित एमआरएस विद्या मंदिर में क्रिसमस पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ चारु सिंह मैनेजर यस बैंक ने तुलसी पूजन करके किया। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांता क्लॉज की आकर्षक फैंसी ड्रेस पहनकर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य, गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से स्कूल परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। वहीं, प्रधानाचार्य समीक्षा सेठी ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

### सुशासन दिवस आज

**पानीपत।** सुशासन दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने देते हुए बताया कि सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। वहीं, कार्यक्रम में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### किसान हितैषी है कुसुम योजनाः एडीसी

**पानीपत।** एडीसी डॉ.पंकज यादव ने बताया की प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) के तहत नवीन एंव नवीकरणीय उर्जा विभाग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए 8050 सौलर वाटर पंप का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें 3 एचपी से 10 एचपी तक की क्षमता वाले सोलर वाटर पम्प के लिए आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। वहीं यह योजना किसान हितैषी है।

### पुलिस ने दो बाइक चोर पकड़े, की पूछताछ

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम ने बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोरों धूप सिंह नगर निवासी शाहरूख व छोटूराम चौक निवासी फैज उर्फ फैजी को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार राकेश ने बताया कि बाइक चोरी के संबंध में थाना चांदनी बाग में भीमगोडा चौक निवासी महेश पुत्र सीताराम की शिकायत पर व न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी बंटेश की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं दोनों आरोपियों पर चोरी, झपटमारी, मारपीट के सात केस दर्ज है।

### तुलसी दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तुलसी दिवस सांस्कृतिक भावनाओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को तुलसी पौधे के धार्मिक, सांस्कृतिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने कहा कि तुलसी का पौधा भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र माना जाता है। इसे केवल एक पौधा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक कहा गया है।

### सीनियर सिटीजन सुभाष ने ऑर्गेनिक गुड़ बांटा

**पानीपत।** पानीपत के सुखदेव नगर पार्क में सीनियर सिटीजन सुभाष नारंग ने अपने जन्मदिन पर 120 डब्बे ऑर्गेनिक गुड बांटा। इस अवसर पर मधु भमरी, सुनीता खुराना, संतोष वधवा, वंदना, गीता, रामपाल शर्मा, सुरेंद्र बत्रा, सागर कालड़ा, अश्विनी सरधना, अजय गोयल, योगेश गोयल, अशोक बत्रा, पवन जैन, संजय मल्होत्रा आदि शामिल रहे।

### विकास के लिए पंचायत मंत्री 21 लाख देंगे

**पानीपत।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गुरु ब्रहमानंद महाराज की जयंती पर गुरु जी को नमन करते हुए कहा कि वे मंगलवार को गुरु जी की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य कारणों की वजह से शिरकत नहीं कर पाए। मंगलवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्दर कल्याण समेत कई नेता पहुंचे थे। इधर, पंवार ने गुरु ब्रह्मानंद के सम्मान में और गांव में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की घोषणा की है।

## राक्सेहडा गांव के निर्धन परिवारों की 10 बेटियों के विवाह करवाएंगे

# बेटियों की सहायता को उठे विधायक मनमोहन के हाथ

**समालखा हलके में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से गुणवत्ता वाले विकास कार्य करवाएं जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

विधायक मनमोहन भड़ाना ने समालखा के गांव राक्सेहडा में सराहनीय पहल करते हुए गांव के निर्धन परिवारों की दस बेटियों का विवाह अपने खर्च से कराने की घोषणा की है। स्मरणीय है कि विधायक भडाना, बुधवार को गांव राक्सेहडा में सरपंच रामधन सैनी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। यहां पर सरपंच सैनी ने उन्हें निर्धन परिवारों के बारे में जानकारी देकर सहयोग मांगा। वहीं विधायक भडाना का पूर्व पार्षद प्रेमचंद सैनी, राकेश सैनी, भाजपा चुलकाना मंडल अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा ने सम्मानित किया। इधर, भडाना ने कहा नव वर्ष में रूके हुए कामों को प्राथमिकता से करवाया जाएगा। वहीं समालखा हलके में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से गुणवत्ता वाले विकास कार्य करवाएं जाएंगे। जबकि समालखा हलका निवासियों की हर समस्या का हल प्राथमिकता से किया जाएगा। विधायक भड़ाना ने कहा कि अगले वर्ष फरवरी-मार्च में ऐसी योजना तैयार की जाएगी, जिससे गरीब व जरूरतमंद की सहायता की जा सके।



समालखा। विधायक मनमोहन भडाना का गांव राक्सेहडा में स्वागत करते हुए सरपंच आदि। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन अपनी टीम के साथ जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र बांटते हुए।

## समाज सेवा संगठन ने सर्दी से बचाव को गर्म वस्त्र बांटें

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से बुधवार को राधा स्वामी सत्संग आश्रम दिनोद में आस पास की झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों व महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण कर इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान का शुभारंभ किया। वहीं समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने की जैन ने कहा समाज सेवा संगठन हर वर्ष सभी के सहयोग से निर्धनों को सर्दी से बचाव को गर्म कपड़े वितरण करता रहा है। वहीं संगठन का गर्म कपडे बांटने का अभियान मकर संक्रांति तक चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, वहीं, संगठन देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान की राह पर चल रहा है और जिस किसी साथी की नॉलेज में ऐसे बच्चे हो जिनको गर्म कपड़े की जरूरत है 9812863034 पर संपर्क करें हमारी कोशिश रहेगी ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद का सहयोग कर सके। इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष कैलाश जैन, सह कोषाध्यक्ष अमित जैन आदि उपस्थित रहे।

## बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के अभियान के तहत बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निंबरी, राजकीय उच्च विद्यालय गांव बबैल, उग्राखेड़ी, रॉक्सेडा, बसाड़ा में विद्यार्थियों व ग्रामीणों को बाल विवाह के नुकसान बताते हुए जागरूक किया गया। वहीं, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि बाल विवाह अभी भी हमारे समाज की एक कड़वी सच्चाई है जिस वजह से देश में पंद्रह लाख से अधिक बाल वधुएं हैं। आज भी समाज में लड़कियों और महिलाओं को दोयम दर्जे का माना जाता है जिस वजह से उन्हें शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। इसी कारण उनकी पढ़ाई और कैरियर को महत्व नहीं दिया जाता और कम उम्र में ही उनकी पढ़ाई छुड़वाकर उन्हें घर के कामकाज में लगा दिया जाता है। इस वजह से हर साल हजारों की संख्या में बाल विवाह होते हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह एक अपराध है जिसके लिए बाल विवाह में शामिल किसी भी व्यक्ति को दो साल तक की सजा और एक लाख रुपए तक जुर्माना हो सकता है।




पानीपत। बाल विवाह के खिलाफ शपथ लेते हुए टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।




पानीपत। जिला स्तरीय समीक्षा समिति और परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

## स्वीकृत लोन के वितरण में लापरवाही न करें बैंक

पानीपत। जिला सचिवालय में बुधवार को उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में 123वीं जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं 143वीं जिला परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बैंकिंग योजनाओं, ऋण वितरण और सरकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना पर बल दिया। वहीं, डॉ दहिया ने बैंकों द्वारा लंबित मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब किसी भी प्रकार की पेंडेंसी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों के ऋण स्वीकृत हो चुके हैं, उनका तत्काल वितरण सुनिश्चित किया जाए। वहीं, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले बैंक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, आवश्यकता पड़ी तो एफआईआर तक दर्ज कराई जा सकती है। बैठक में जिला में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, कृषि ऋण, एमएसएमई, सरकारी प्रायोजित योजनाओं, पीएम मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, पीएमएमवाई, जनधन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## डीएफएससी का राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- अर्थव्यवस्था की रीढ़ है उपभोक्ता : रितु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

पानीपत के जिला सचिवालय में बुधवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) रितु ने की। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और संरक्षण कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं, रितु ने कहा कि उपभोक्ताओं को तोल-माप, एमआरपी और गुणवत्ता के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए। कोई भी दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर सामान नहीं बेच सकता। यदि ऐसा होता है तो ग्राहक, उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने कहा कि आज का उपभोक्ता केवल खरीददार नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उपभोक्ताओं की सजगता से ही बाजार में गुणवत्ता, पारदर्शिता और नैतिकता बनी रहती है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार, एएफएसओ संजीव मेहरा, डीएफएसओ दिव्या, उपनिरीक्षक रणबीर, नाजर सुनील कुमार, इंस्पेक्टर चरणजीत ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

## हिंदु संगठनों ने प्रदर्शन कर जलाया बांग्लादेश का पुतला, जताया विरोध

**समालखा।** हिंदू जन जागृति मंच और मातृभूमि सेवा संघ के संयुक्त बैनर तले प्रदेशाध्यक्ष विकास छौक्कर, मातृभूमि सेवा संघ के ग्रामीण जिला प्रधान सूरत सिंह, मनीष छौक्कर, बलजीत, वेद सरपंच कृष्ण डिकाडला, बबलू छौक्कर, धीरज छौक्कर, सुमित पहलवान, प्रमोद, प्रवीन, बालिश, डॉ.विजेंद्र चौधरी, नवाब सिंह, ज्ञानेंद्र, प्रीतम सिंह, धर्म सिंह, बिट्टू, दीपक रोहिल्ला, रिंकू, मोहित शर्मा, रामसिंह नामुंडा, रवि छौक्कर आदि ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के साथ अत्याचार के खिलाफ बांग्लादेश का और कट्टरपंथी सोच का और गजवा ए हिंद का पुतला जलाया। वहीं इस दौरान पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के द्वारा बांग्लादेश के खिलाफ कर रहे विरोध प्रदर्शन पर हिंदुओं पर लाठी चार्ज करने पर ममता बनर्जी का भी पुतला फूंका गया और एसडीएम समालखा के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।



समालखा। बांग्लादेश का पुतला जलाते हुए हिंदू संगठनों के पदाधिकारी।

### मेडिकल कैंप में जांचा पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य



पानीपत। पुलिस लाइन में महिला का स्वास्थ्य जांचे हुए डॉ देवलानी गुलाटी।

**पानीपत।** पुलिस कर्मियों को चुस्त दुरूस्त व रोग मुक्त बनाए रखने के उद्धेश्य से बुधवार को पुलिस लाइन में आयुष्मान हॉस्पिटल के सहयोग से विशेष हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। वहीं, स्वास्थ्य जांच कैंप में आयुष्मान हॉस्पिटल के डॉ सुदीप सांगवान, डॉ मोहित कुमार व डॉ देवलानी गुलाटी ने कैंप में पहुंचे 57 पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य को जांचा और शुगर, ब्लड प्रेशर, इसीजी इत्यादी टेस्ट कर परामर्श दिया। इधर, डॉ सुदीप सांगवान ने पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों को स्वस्थ्य रहने के टिप्स दिए। इधर, डीएसपी सतीश वत्स ने आयुष्मान हॉस्पिटल के डॉ सुदीप सांगवान, डॉ मोहित कुमार व डॉ देवलानी गुलाटी का आभार जताया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के फार्मासिस्ट राकेश व देवेंद्र, भलाई शाखा से मुख्य सिपाही कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

### तुलसी पूजन दिवस पर रही धार्मिक कार्यक्रमों की धूम

# एमडी पब्लिक स्कूल में बच्चों को बताया तुलसी का महत्व

**विद्यार्थियों ने तुलसी के धार्मिक, आयुर्वेदिक और पर्यावरणीय महत्व पर सुंदर भाषण प्रस्तुत किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। एमडी स्कूल में तुलसी पूजा करती प्राचार्या कुसुम धीमान, टीचर्स व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के वार्ड नौ स्थित एमडी पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल कुसुम धीमान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल कुसुम धीमान व विद्यार्थियों द्वारा तुलसी आरती से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने तुलसी के धार्मिक, आयुर्वेदिक और पर्यावरणीय महत्व पर सुंदर भाषण प्रस्तुत किए। विशेष रूप से छात्राओं गार्विका और सोहली ने अपने प्रभावशाली संबोधन से सभी को प्रेरित किया। प्रिंसिपल कुसुम धीमान ने बच्चों को भारतीय संस्कृति के संरक्षण तथा पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया व तुलसी के पौधे का महत्व बताते हुए कहा कि तुलसी का पौधा प्रत्येक विद्यार्थी व अध्यापक के घर में होना चाहिए। तुलसी इतनी गुणकारी है कि इससे निकलकर आने वाली हवा वातावरण को शुद्ध व सुगंधित कर देती है। इस अवसर पर अनीता खुराना, ज्योति ग्रोवर, भावना जुनेजा, सविता, विनीता, पिंकी, दीपिका, वीणू, सीमा टूटेजा, सीमा रानी, भावना कटारिया, सोनम, रेनू, मुकेश, अर्चना, लीना, रीता, शिल्पी, कंचन व रविंदर आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### पुलिस ने नशे की खेप के साथ दो तस्करों को पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए कुराड गांव में छाजपुर मोड़ पर दो नशा तस्करों रविंद्र पुत्र भलेराम निवासी गांव उग्राखेड़ी व सुलतान पुत्र प्रकाश निवासी गांव कुराड जिला पानीपत को 302 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। इधर, दोनों आरोपियों रविंद्र व सुलतान पर थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। जबकि पुलिस ने आरोपियों से बरामद नशे की खेप को केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया है। पानीपत पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, पुलिस का पक्ष जानने के बाद अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### पानीपत से दो युवती लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की मुल्तान कॉलोनी निवासी बीए की छात्रा, निजी अस्पताल में काम करने वाली साईं कालोनी निवासी अपनी सहेली के साथ बाइस दिसंबर से लापता है। छात्रा अपने घर से परिजनों के सहेली के घर जाने की बात कह कर निकली थी, इसके बाद से दोनों का कोई सुराग नहीं है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित हैं। इधर, परिजनों की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने दोनों युवतियों के लापता होने का केस दर्ज कर उनके मोबाइल फोन की कॉल डिटेल व लोकेशन से दोनों की तलाश में जुट गई है। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने पानीपत व आसपास के जिलों के सभी थानों, चौकियों आदि को दोनों लडकियों के फोटो भिजवा कर इनकी तलाश में सहयोग मांगा है।

### किशोरी से रेप की चेष्टा, पडोसी पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की काबडी रोड क्षेत्र की एक कालोनी में पड़ोसी ने तेरह साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने की चेष्टा की है। आरोपी ने किशोरों को तबीयत खराब होने का बहाना बना कर अपने कमरे में बुलाया । इधर, लडकी की माता की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने पुष्पेंद्र नाक युवक पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1), 62, 74, 351(3) और पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने लडकी के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। वहीं, आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### भय के साये में रहते हैं सीडीपीओ कर्मी

**पानीपत।** पानीपत के उपमंडल इसराना की समालखा रोड पर स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय के भवन की हालत बहुत जर्जर हो चुकी है। करीब तेइस साल पुराने दयनीय हालत वाले इस कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान डर के साये में रहते है। कर्मचारियों को हर समय अनहोनी घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, इस भवन की चारदीवारी नहीं होने के कारण परिसर में आवारा पशु और असामाजिक तत्व बैठे रहते हैं। इधर, सीडीपीओ मंजू ने बताया कि कार्यालय की मरम्मत व चारदीवारी के निर्माण के लिए बीडीपीओ आदि को पत्र भेजा गया है।

### नारी शक्ति को सर्टिफिकेट बांटे

**पानीपत।** यूथ वीरांगनाए संस्था ने एसडी स्कूल के सभागार में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत सिलाई कला एवं पार्लर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 120 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर पार्षद अंजलि शर्मा, पार्षद अमित नारंग, डॉ. तनुजा वर्मा, मेघना जैन, मंजू, सपना सेतिया, गुरप्रीत कौर, रितु अरोड़ा, दिव्या आर्या, प्रो स्माइली, जोगिंदर कौर, रितु दहिया, निधि गुप्ता, आरती सलूजा, समीक्षा सेठी, स्वाती गोयल, विनोद खंडेलवाल, कुसुम रेधु, शालू, सरोज महेंद्रू, नीलम, अमरदीप, सिमरो, सोनिया रंधान, बृज बाला, ज्योति सैनी, कोमल अरोड़ा, प्रियंका, प्रिया सैनी, अभी, नेहा कथूरिया, श्वेता, अंशा, सिमरन, मीनू ढींगरा आदि उपस्थित रहे।

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के होनहार छात्र हर्षित आर्यन ने एक नया इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर अपने संस्थान और देश का नाम रोशन किया है। 14 साल, 11 महीने और 30 दिन की उम्र में, हर्षित ने दुनिया के सभी देशों के नाम सबसे तेजी से बोलकर यह असाधारण उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार कामयाबी पर गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात व महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी हर्षित सहित समस्त गुरुकुल परिवार को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप ने हर्षित आर्यन को मेडल और सर्टिफिकेट देकर बधाई दीं। इस रिकॉर्ड को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के फाउंडर एवं सीईओ पंकज विग ने आधिकारिक तौर पर मान्यता दी है। हर्षित ने 31 अक्टूबर 2025 को 1 मिनट, 22 सेकंड और 91 सेंटीसेकंड के न्यूनतम समय में यू.एन. में शामिल सभी देशों के नाम सफलतापूर्वक सुनाए। विदित हो कि यू.एन. अर्थात संयुक्त राष्ट्र में वर्तमान में 193 देश शामिल है जो वैश्विक सहयोग और शान्ति के लिए कार्य करते हैं। यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले हर्षित को बधाई देते हुए निदेशक, ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने उसकी असाधारण याददाश्त, अनुशासन और समर्पण की जमकर सराहना की।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय यातायात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**अंबाला।** पुलिस व शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर में जिला स्तरीय यातायात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के स्कूलों व कॉलेजों की 20 टीमों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त टीमों का चयन मंडल स्तर के लिए किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी सुशील कुमार, प्रधानाचार्य विकास कोहली और सड़क सुरक्षा सलाहकार राकेश मक्कड़ उपस्थित रहे।

### हेरोइन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत थाना अंबाला शहर पुलिस ने डेहा कॉलोनी के पास से 06 ग्राम 05 मिलीग्राम हेरोइन सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलजीत सिंह (पठानकोट), जसविंद्र सिंह (होशियारपुर) और प्रवीण उर्फ राहुल (अंबाला) के रूप में हुई है। एक आरोपी को पुलिस रिमांड व दो को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### छोटे साहिबजादों की शहादत को समर्पित अखंड पाठ आज

**अंबाला।** पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में छोटे साहिबजादों व माता गुजरी जी की शहादत को समर्पित अखंड पाठ साहिब का आरंभ 25 दिसंबर से होगा, जिनका भोग 27 दिसंबर प्रातः डाला जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य सचिन हरविंदर सिंह नीटू ने बताया कि भोग उपरांत गुरु का अटूट प्रसाद व लंगर संगत में वितरित किया जाएगा। उन्होंने संगत से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

### पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अंबाला।** पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ (भारतीय मजदूर संघ) द्वारा जिला अध्यक्ष अरुण जोशी की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष बलराम ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पंचायत के अधीन करना, ग्रेड-पे लागू करना, समय पर वेतन भुगतान व लंबित वेतन जारी करना शामिल है। प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# मुलाना-होली में 40 एकड़ में बनी अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

## अवैध रूप से विकसित की जा रही 9 अवैध कॉलोनियों में तोड़-फोड़ की



**किसी के झांसे में ना आएं और अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदे व किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया बराड़ा के गांव मुलाना, होली व सिम्बला तहसील बराड़ा जिला अम्बाला में लगभग 40 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही 9 अवैध कॉलोनीयों में तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गयी। इस कार्यवाही के दौरान अवैध कॉलोनीयों में बनी हुई कच्ची सड़कों के जालो तथा 35 निर्माणों व नीवों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर डयूटी मैजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार - रोहित चैहान, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक कौशिक, क्षेत्रान्वेषक रविन्द्र एस0एच0ओ0 इन्फोरसमेन्ट, एस0एच0ओ0 बराड़ा भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान ने आमजन से अपील की है कि प्रोपट्री डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लाट/दुकान न खरीदें। अतः सभी को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में ना आएं तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी अवैध कालोनियों/अवैध निर्माणों के खिलाफ आगे भी विभागीय कार्यवाही जारी रहेगी।

# अंबाला रेंज में 20 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी पदोन्नत

पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस महानिरीक्षक, अंबाला रेंज श्री पंकज नैन (भा.पु.से.) ने अंबाला रेंज के कुल 20 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की। यह पदोन्नति उनकी उत्कृष्ट, निष्ठावान एवं अनुशासित सेवा को ध्यान में रखते हुए विभागीय नीति के अंतर्गत की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री पंकज नैन ने सभी पदोन्नत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि बढ़ी हुई जिम्मेदारियों को ईमानदारी, लगन और दक्षता के साथ निभाने का अवसर भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदोन्नत अधिकारी भविष्य में भी पूरी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ पुलिस विभाग की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य और सफल सेवा-काल के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

**ऑनरेरी इंस्पेक्टर के रूप में पदोन्नत अधिकारी**

1. उप-निरीक्षक हरबंस लाल
2. उप-निरीक्षक बलदेव राज
3. उप-निरीक्षक गुलाब सिंह
4. उप-निरीक्षक रविंद्र कुमार
5. उप-निरीक्षक राज कुमार

**ईएचसी/एचसी से ईएएसआई के रूप में पदोन्नत अधिकारी**

1. हेड कांस्टेबल अनिल कुमार
2. ईएचसी सुमित सिंह
3. ईएचसी नरेंद्र कुमार
4. ईएचसी जगदीश
5. हेड कांस्टेबल रोहताश कुमार
6. ईएचसी विनोद कुमार
7. ईएचसी गुरप्रीत सिंह
8. ईएचसी दलीप सिंह
9. हेड कांस्टेबल मनोज कुमार
10. ईएचसी कृष्ण लाल
11. ईएचसी परवीन कुमार
12. ईएचसी राजिंदर
13. ईएचसी करनैल सिंह
14. ईएचसी संजय कुमार
15. ईएचसी अमनदीप

### पहल जनवरी से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर लगेगा भारी जुर्माना

- एसपी अंबाला की अपील, यातायात नियमों का सख्ती से होगा पालन

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत ने आमजन से अपील की है कि 01 जनवरी 2026 से कोई भी दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन न चलाए, अन्यथा उसके खिलाफ भारी जुर्माना लगाया जाएगा। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर अंबाला पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसपी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की मौत का मुख्य कारण हेलमेट न पहनना है। ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीड, बिना नंबर प्लेट, फोन का प्रयोग, शराब पीकर वाहन चलाने जैसे उल्लंघनों पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनता से सीट बेल्ट, हेलमेट, लेन ड्राइविंग, रिफ्लेक्टर उपयोग और यातायात नियमों की पालना करने की अपील की। आपात स्थिति में डायल-112, कंट्रोल रूम नंबर 0171-2553223 या 7496974689 पर संपर्क करने को कहा।

### जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का किया आयोजन

- सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए गए निर्देश

**अम्बाला।** सीईओ जिला परिषद गगनदीप की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलडीएम कमल चंद गोयल, एजीएम आरबीआई मनु भारद्वाज, डीडीएम नाबार्ड पुष्पींदर सहित बैंकर्स व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, पीएमएमवाई, पीएम विश्वकर्मा, पीएमएफएमई, स्वयं निधि, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक क्रेडिट प्लान प्रस्तुत किया गया, जिसे बैठक में अनुमोदित किया गया।

## सनातन मंच ने दिव्यांगजनों को वितरित की व्हीलचेयर



**अम्बाला।** समाजसेवी संस्था सनातन मंच द्वारा वरिष्ठ नागरिक सदन, मथुरा नगरी में रहने वाले दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध करवाई गई व्हीलचेयर का वितरण एसडीएम दर्शन कुमार ने किया। इस अवसर पर पांच दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान की गईं। एसडीएम ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अम्बाला जिले की समाजसेवी संस्थाएं हमेशा जरूरतमंदों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाती रही हैं। उन्होंने बताया कि सनातन मंच द्वारा व्हीलचेयर के साथ-साथ सर्दी से बचाव हेतु गर्म कंबल भी वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी, देवेंद्र कुमार (प्रधान), महेश वशिष्ठ (सचिव), अरविंद सीकरी, प्रमोद शर्मा, सुमित बजाज, अशोक सोलंकी, अखीरा, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। *फोटो :हरिभूमि*

**छात्राओं में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्यः डॉ. रितु**

# राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

- महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के दिशानिर्देश में वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभागाध्यक्ष डॉ. रितु चन्दना एवं डॉ. बिन्नी पाहवा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग बनाना रहा। इस अवसर पर छात्राओं ने उपभोक्ता संरक्षण, उपभोक्ता जागरूकता, भ्रामक विज्ञापन, सही मूल्य एवं गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक और संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।




अंबाला। प्रतियोगिता में विजेता रहे स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

**प्रोत्साहित किया**

प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने छात्राओं के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सामाजिक चेतना को भी सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया गया।



अंबाला। लंगर में खाना खाते हुए श्रद्धालु।

**50 से अधिक सेवादार लंगर वितरण में सेवा दे रहे**

# साहिबजादों व माता गुजरी जी की स्मृति में लंगर सेवा

- गुरुद्वारा मंजी साहिब सहित कई स्थानों पर 24 घंटे चल रही सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों, माता गुजरी जी व समस्त शहीद सिंहों की शहादत की स्मृति में अंबाला शहर में विभिन्न स्थानों पर लंगर सेवा आयोजित की जा रही है। गुरुद्वारा मंजी साहिब, जीटी रोड गेट पर पिछले कई दिनों से 24 घंटे लंगर सेवा जारी है। सेवादार राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, अमन सिंह ने बताया कि अमृतसर से आए सेवादारों सहित करीब 150 से अधिक सेवादार लंगर निर्माण में और 50 से अधिक सेवादार लंगर वितरण में सेवा दे रहे हैं। यहां गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब जाने वाली संगत भी विश्राम कर रही है। इसके अतिरिक्त अग्रसेन चौक, मानव चौक, बस स्टैंड, जंडली व पॉलिटेक्निक चौक सहित अन्य स्थानों पर भी लंगर सेवा लगाई गई है। आने वाले दिनों में अन्य स्थानों पर भी लंगर लगाए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**पंचायत भवन अंबाला शहर में सुबह 10:30 बजे होगा कार्यक्रम**

# सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज

- कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बाला

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले सुशासन दिवस के तहत 25 दिसंबर को पंचायत भवन, अम्बाला शहर के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सीईओ जिला परिषद गगनदीप ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे होगी। सुशासन दिवस के सफल आयोजन को लेकर आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीईओ जिला परिषद ने की। बैठक में नगर निगम, पंचायत, शिक्षा, कृषि, पुलिस सहित अन्य विभागों की जिम्मेदारियां तय करते हुए बेहतर आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए।




अंबाला। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**डीसी ने दिए निर्देश**

सीईओ गगनदीप ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सुशासन दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम पंचकूला में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। पंचकूला से आयोजित कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण पंचायत भवन अम्बाला में भी दिखाया जाएगा। इसके लिए जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी को एलईडी स्क्रीन व इंटरनेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बिजली निगम को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी विभागों प्रशासनिक अधिकारियों को अपने स्टाफ सहित कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

**गुदगुदी जंक्शन समूह करेगा आयोजन**

# अंबाला : संगीत प्रेमियों के लिए 28 को सजेगी 'इक हसीन शाम'

- 'गाता रहे मेरा दिल' के तीन वर्ष पूर्ण होने पर संगीत संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मॉडल टाउन स्थित अंबाला क्लब में दिन रविवार, 28 को संगीत प्रेमियों के लिए एक खास संगीतमय शाम सजने जा रही है। दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का नाम 'इक हसीन शाम' रखा गया है। यह आयोजन लोकप्रिय म्यूजिकल ग्रुप 'गाता रहे मेरा दिल' के सफलतम तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन गुदगुदी जंक्शन समूह, अम्बाला द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसका संयोजन गुदगुदी जंक्शन समूह, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के जिम्मे रहेगा। संगीत संध्या में हिंदी सिनेमा के सदाबहार गीतों की मधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो श्रोताओं को संगीत के स्वर्णिम दौर की याद दिलाएंगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड कलाकार जूनियर धर्मेंद्र (सागर शर्मा) रहेंगे, जो विशेष रूप से मुंबई से शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र सहगल, प्रधान, कला मंच अम्बाला होंगे।

**कार्यक्रम** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में उपभोक्ता जागरूकता व्याख्यान का सफल आयोजन

# विद्यार्थियों को ऑनलाइन व ऑफलाइन खरीदारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी

विद्यार्थियों से अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में उपभोक्ता जागरूकता व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की प्रमुख धाराओं से अवगत कराना रहा, ताकि वे जागरूक और जिम्मेदार उपभोक्ता बन सकें। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष गीति बिंद्रा ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन खरीदारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी।



अंबाला। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

**जागरूक उपभोक्ता सशक्त राष्ट्र की नींव**

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता व्यक्तिगत शोषण से बचाव के साथ-साथ एक पारदर्शी, सशक्त और जिम्मेदार समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि "जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव है"। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान करते कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में आत्मविश्वास, विवेकपूर्ण निर्णय क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग से सहायक प्राध्यापक रीतिका राय, जस्मिता हांडा तथा अंग्रेजी विभाग से सहायक प्राध्यापक महक तलवार उपस्थित रहीं। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट एवं गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।